कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) :: (क) जी, नहीं । पूर्वी क्षेत्र जिसमें पश्चिम बंगाल, उडीसा, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश शामिल हैं, में कृषि उत्पादन और उत्पादकता को समस्याओं की जांच करने के लिए डा० एस० आर० सेन समिति का गठन किया गया था ।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

"रकिटिंग इन डी. एम. एस. मिल्क" शीर्षक से छपा समाचार

3306. **श्री विनोद शर्मा** : : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 24 जुलाई, 1992 के "स्टेटसमैन" में "रैकेटिंग इन डी. एम. एस. मिल्क' शीर्षक से छपे समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि दिल्ली दुग्ध योजना के विक्रय केन्द्रों से आम उपभोक्ता को दूध नहीं मिल पाता है और उस दूध को ऊंचे मूल्य पर अन्यत्र बेच दिया जाता है ;

(ग) क्या दिल्ली दुग्ध योजना के प्रबंधकों को नियमित रूप से इस तरह की शिकायतें नहीं मिल रही हैं ;

(घ) यदि हां, तो पिछले छः महीनों के दौरान इस तरह की कितनी शिकायतें मिली हैं ; और उन पर क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ङ) क्या सरकार इस अव्यवस्था को रोकने के लिए अब पुरानी टोकन व्यवस्था को फिर शुरू करने पर विचार कर रही है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) दिल्ली दुग्ध योजना अपने वितरण नेटवर्क के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 4.5 लाख लीटर दूध का वितरण करती है । चूंकि, दिल्ली दुग्ध योजना शहर को दुध की पूरी आवश्यकता की पूर्ति करने में असमर्थ है और बाजार में दिल्ली दुग्ध योजना का दूध सबसे सस्ता है अतः दूध को काला बाजारी इत्यादि जैसे कदाचारों की शिकायत प्राप्त होती हैं ।

(घ) गत छः महीनों के दौरान दिल्ली दुग्ध योजना को डिपो स्टाफ और विक्रेताओं के विरुद्ध 198 शिकायतें प्राप्त हुई हैं । दिल्ली दुग्ध योजना ने निम्न प्रकार से सुधारात्मक कार्यवाही ही है :—

(1) 4 विक्रेताओं को हटा दिया गया । 2 को स्थनांतरिक किया गया और 6 को कारण बताओ नोटिस दिए गए ।

(2) डिपो स्टाफ के 12 सदस्यों को निकाल दिया गया ; 21 को स्थानान्तरि किया गया और 33 को देचेतावनी दी गई ।

(ङ) जी, नहीं ।

Setting up of Krishi Vigyan Kendra in Kanpur (U.P.)

3307. SHRI SYED SIBTEY RAZI: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether Government have been requested to set up a Krishi Vigyan Kendra in Kanpur district of Uttar Pradesh;

(b) if so the details thereof;

(c) whether any action on the request has since been taken; and

(d) if so, the details thereof and if not the reason, therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI K. C. LENKA): (a) Yes, Sir.